†[THE MINISTER FOR COMMUNICATIONS (SHRI JAGJIVAN RAM): A statement is placed on the Table of the Sabha. (*See* Appendix XIII, Annexure No. 9.)]

श्री नवाब सिंह चौहान : इन तारों की दरें घटाने के कारण आमदनी में कितनी कमी हुई होगी ? क्या आप उसका अंदाजा दे सकते हैं ?

श्री जगजीवन राम : जी नहीं, अभी तो कुछ और समय बीतने के बाद ही उसका अंदाज़ा किया जा सकता है ।

श्री नवाब सिंह चौहान : क्या कारण है कि ये कमियां की गई ? अगर ये कमियां की गई हैं तो लंका और बर्मा के लिये जो तार जाते हैं उनमें कमी क्यों नहीं की गई ?

श्री जगजीवन राम : कमियां करने की वजह यह थी कि उन मुल्कों और वहां से नजदीक दूसरे मुल्कों में से भारत के नज़दीक के मुल्कों को तार भेजने की दर कुछ कम थी और अपने यहां के अख़बारों के जो सम्वाददाता थे वे ऐसा समझते थे कि अगर हमारे यहां की दर कुछ कम नहीं की गई तो शायद उन मुल्कों से सम्वाद आने में बहुत अड़चनें और बाधायें रहेंगी । इन सब चीज़ों को सामने रख कर के उन मुल्कों की सरकारों से बातें की गई । हमारी और उन देशों की सरकार दोनों ने मिल कर ये दर निश्चित किये हैं ।

श्री नवाब सिंह चौहान : मेरे प्रश्न के जहां तक दूसरे हिस्से का ताल्लुक है, जहां तक लंका और बर्मा का सम्बन्ध है, वहां के लिये ये दरें क्यों नहीं कम की गई हैं ?

श्री जगजीवन राम : शायद उसकी अभी आवश्यकता नहीं महसूस की गई हो या उनकी दर पहले से ही ऐसी होगी कि जिसमें ज्यादा कमी करने की गुंजाइश न हो ।

श्री नवाब सिंह चौहान : अगर उनकी दरें पहले से ही कम न हों तो क्या सरकार इसके ऊपर विचार करेगी कि इन देशों की दरें भी इसी प्रकार की कर दी जायं जिस प्रकार की और देशों के लिये की गई हैं ?

श्री जगजीवन राम : यह तो सभी देशों के लिये है कि जहां ऐसा ज्ञात होता है कि और देशों की तुलना में दरें कुछ ऊंची हैं और ऊंची दर होने की वजह से सम्वादों के प्रवहन में अड़चनें पैदा होती हैं तो उन पर बराबर विचार किया जाता है ।

श्री नवाब सिंह चौहान : ये तो पड़ौसी देश हैं ।

युद्ध में सेवा किये उम्मीदवारों के लिये रेलों में वेतन निश्चयन

***६४. श्री नवाब सिंह चौहान :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या युद्ध में सेवा किए हुए उम्मीदवारों का वेतन रेलवे विभाग में उसी आधार पर निश्चित किया गया है जिस पर कि केन्द्रीय सरकार के अन्य विभागों में किया गया है; यदि नहीं तो क्यों नहीं; और

(ख) क्या विभिन्न रेल क्षेत्रों में इन उम्मीदवारों के लिए वेतन निश्चयन का आधार एक सा नहीं है, यदि एक सा नहीं है तो क्यों ?

f [FIXATION OF PAY OF THE WAR SERVICE CANDIDATES ON THE RAILWAYS

•64. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN: Will the Minister for RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the pay of the War Service Candidates on the Railways has been fixed on the same basis on which it has been fixed in the other departments of the Central Government; if not, why not; and

(b) whether the basis for the fixation of the pay of such candidates is

tEnglish translation.

not uniform in the various Railway Zones; if so, why?]

रेल तथा परिवहन उपमंत्री (श्री ओ० बी० अलगेसन) : (क) जी हां ।

(ख) सभी रेलों में वेतन निर्धारित करने का आधार एक सा है ।

†[THE DEPUTY MINISTER FOR RAILWAYS AND TRANSPORT (SHRI O. V. ALAGESAN): (a) Yes.

(b) The basis for the fixation of pay is uniform on all Railways.]

श्री नवाब सिंह चौहान : जो युद्ध में सेवा किए हुए लोग होते हैं, इनकी भर्ती के लिए रेलवे विभाग की क्या नीति है और लगभग कितने ऐसे लोगों को रेलवे विभाग ने अपने यहां खपाया है ?

SHRI O. V. ALAGESAN: These orders were based upon the decisions taken by the Home Ministry. They are the same with regard to Railways as they are with reference to other departments. The orders cover so many aspects and I do not think I shall be called upon to give the entire orders or the gist of the orders; it runs to a long paragraph.

श्री नवाब सिंह चौहान : क्या इसका अंदाजा माननीय मिनिस्टर को नहीं है कि लगभग कितने ऐसे लोगों को जो कि फ़ौज में सेवा किए हुए हैं, रेलवे विभाग ने खपाया है, उनको काम दिलाया है ?

SHRI O. V. ALAGESAN: I do not have the number before me; I shall require notice.

श्री बी० बी० शर्मा : क्या आप यह बतलाने की कृपा करेंगे कि आई० एन० ए० में जो लोग देश की सेवा कर चुके हैं उनके लिए भी आप कोई आयोजन कर रहे हैं ?

SHRI O. V. ALAGESAN: This does not relate to I.N.A.

बनारस-कन्याकुमारी राष्ट्रीय राजपथ

*६५. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या परिवहन मंत्री परिवहन मंत्रालय की १९५४–५५ की रिपोर्ट के पृष्ठ ४९ के पैरा ६ को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बनारस-कन्याकुमारी राष्ट्रीय राजपथ पर कितना रुपया खर्च करने का विचार है; और

(ख) यह मार्ग किन किन राज्यों में होकर गुज़रेगा और कुल कितने मील लम्बा होगा ?

†[BANARAS-CAPE COMORIN NATIONAL HIGHWAY

*65. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN: Will the Minister for TRANSPORT be pleased to refer to paragraph 6 on page 49 of the Report of the Ministry of Transport for 1954-55 and state:

(a) the amount proposed to be spent on the Banaras-Cape Comorin National Highway; and

(b) the States through which this Highway will pass and what will be its total length in miles?]

रेल तथा परिवहन उपमंत्री (श्री ओ० बी० अलगेसन) : (क) लगभग ६ करोड़ रुपए ।

(ख) सड़क की कुल लम्बाई १५१९ मील है । यह सड़क निम्नलिखित राज्यों में से होकर जाती है ।

(१) उत्तर प्रदेश ।
(२) विन्ध्य प्रदेश ।
(३) मध्य प्रदेश ।
(४) हैदराबाद ।
(५) आन्ध्र ।